बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

विभागीय प्रधान सचिव की अध्यक्षता में दिनांक– 07.06.2016 को संपन्न दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के अन्तर्गत Support to Urban Street Vendors (SUSV) की प्रगति समीक्षा बैठक की कार्यवाहीः–

उपस्थितिः– संलग्न विवरणी के अनुसार।

कार्यवाही–

1. नगर फुटपाथ विक्रेताओं के सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा के कम में संस्था **NASVI** को निम्न निदेश दिये गयेः–
   (i) 3 दिनों के अन्दर सर्वेक्षित स्ट्रीट वेंडर्स का डाटा **SULM** वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।
   (ii) क्षेत्र/नगर स्तर पर सर्वे कार्य में लगाये गये **NASVI** कर्मियों की सूची एवं उनके कार्य कार्यक्षेत्र की विवरणी विभाग को उपलब्ध कराया जाय।
   (iii) कटिहार नगर निगम को छोड़कर शेष सभी नगर निकायों में बाकी बचे सर्वेक्षण का कार्य दिनांक 20.06.2016 तक पूर्ण कर लिया जाय।
   (iv) सर्वेक्षित स्ट्रीट वेंडर्स की डाटा का मैट्रिक्स तैयार किया जाय। इस कार्य हेतु स्ट्रीट वेंडर्स के ट्रेड/गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए नगर निकाय वार/वार्ड वार वेंडिग जोन्स का मैट्रिक्स **SULM website** के सॉफ्टवेयर के माध्यम से तैयार किया जाय।
   (v) स्ट्रीट वेंडर्स के सर्वेक्षण के दौरान उनका आधार संख्या लिया जाना आववश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाय। साथ ही पूर्व में सर्वेक्षित जिन स्ट्रीट वेंडर्स का आधार संख्या नहीं लिया जा सका है उनका भी आधार संख्या लिया जाय। यदि स्ट्रीट वेंडर्स के पास आधार कार्ड उपलब्ध नहीं है तो उनका आधार कार्ड बनवाने में नास्वी उनका सहयोग करें।
2. **SUSV** घटक के अन्तर्गत नगर फुटपाथ विकय योजना (City Street Vending Plan) एवं वेंडिग जोन के विकास से संबंधित प्रस्ताव नगर निकायों से अप्राप्त हैं जबकि इसके लिए कई बार विभाग से लंबित निकायों को स्मारित भी किया गया है। अतः ऐसी स्थिति में City Street Vending Plan हेतु राज्य स्तर से परामर्शी संस्थाओं **(Consultants)** के चयन हेतु **Expression of Interest (EOI)** का प्रारूप तैयार कर **PMC-NULM** को उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।
3. दरभंगा नगर निगम के अन्तर्गत 9 वेंडिग जोन के विकास हेतु नगर फुटपाथ विकय समिति के द्वारा अनुमोदित किया गया है। अतः इस संबंध निदेश दिया गया कि नास्वी एवं PMC-NULM दरभंगा नगर निगम के अन्तर्गत सर्वेक्षित स्ट्रीट वेंडर्स का वार्डवार/ट्रेड वार मैट्रिक्स तैयार करें एवं एक मॉडल स्ट्रीट वेंडिंग प्लान तैयार करने का प्रस्ताव उपस्थापित करे।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

18/6/2016

(चैतन्य प्रसाद),
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांकः– 002/SUSV/Gen.-Comm./2015-16/.......... दिनांक– ....

प्रतिलिपिः– उपनिदेशक/टीम लीडर (SPUR)/ टीम लीडर (PMC-NULM)/ टीम लीडर (NASVI)/ अपर सचिव–सह–निदेशक के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/6/2016

प्रधान सचिव